# अब किसानों को राशि मिलने की बारी, गेहूं खरीदी की तैयारी




**उज्जैन।** जिले में गेहूं खरीदी को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और किसानों को सुविधा देने के लिए खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। इसी विषय को लेकर मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन में किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसानों की समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में किसानों को बताया गया कि गेहूं खरीदी की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इसके पहले किसानों के पंजीयन का मंगलवार 10 मार्च अंतिम दिन रखा गया है। जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे रात 12 बजे तक अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, कियोस्क और सीएससी केंद्रों के माध्यम से भी ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। चर्चा के दौरान यह भी कहा गया कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए बैठने, तौल, बारदाना और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है। जिले में किसानों की पंजीयन संख्या काफी अधिक है, इसलिए खरीदी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की तैयारी की गई है।

किसानों को सलाह दी गई कि वे अपने बैंक खाते में आधार नंबर और मोबाइल नंबर अपडेट रखें, ताकि भुगतान सीधे खाते में समय पर पहुंच सके और किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए। खरीदी के बाद गेहूं के सुरक्षित भंडारण के लिए वेयरहाउस की व्यवस्था भी की जा रही है और किसानों से भी वेयरहाउस की सूची देने का आग्रह किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले में प्रतिदिन करीब 10 हजार किसानों का पंजीयन हो रहा है। अब तक लगभग 1 लाख 19 हजार 74 किसानों का पंजीयन हो चुका है। आने वाले दिनों में गेहूं खरीदी शुरू होते ही किसानों से उपज की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक शालु वर्मा ने जानकारी दी कि प्रतिदिन लगभग 10 हजार किसानों का पंजीयन हो रहा है। अब तक लगभग 1 लाख 19 हजार 74 किसानों का पंजीयन हो चुका है। खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक शालु वर्मा, कृषि विभाग, सहकारिता, मालवा किसान प्रांत के मंत्री भारत सिंह बैस, किसान संघ के संभाग अध्यक्ष श्री दशरथ पंड्या, उपाध्यक्ष उदय सिंह आंजना, बहादुर सिंह आंजना, कैलाश पाटीदार, ईश्वर सिंह, शिव शरण शर्मा उपस्थित थे।

### भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा

उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि गेंहू उपार्जन के अंतर्गत किसान संघ के सदस्यों के साथ बैठक की है, उपार्जन के अंतर्गत प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। किसानों के पंजीयन का मंगलवार 10 मार्च को अंतिम दिन है। इसके पश्चात गेंहू खरीदी प्रारंभ होगी। केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। और नियम अनुसार भुगतान भी सभी किसानों को किया जाएगा।



# गो सम्मान के लिए 27 अप्रैल से प्रार्थना पत्र अभियान का आयोजन

**उज्जैन।** गौ सम्मान अभियान के संदर्भ में स्वामी हंसानंद, विशाल दास महाराज, चरण दास महाराज ने कपिल गौशाला पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि गौ सम्मान अभियान को लेकर गाय माता को राष्ट्रीय माता बनाया जाए। पूरे भारत वर्ष में गाय को सेवा सुरक्षा और सम्मान मिले। संपूर्ण भारतवर्ष में गो हत्या समाप्त करने और गौ माता को राष्ट्र स्तरीय सम्मान दिलाने हेतु आप सभी 27 अप्रैल और 27 जुलाई गो सम्मान दिवस को प्रात: 10 बजे देश की 5000 तहसील में से अपने-अपने तहसील मुख्यालये पहुंचकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें। भारत सरकार गौ मंत्रालय बनाए, गाय माता के संरक्षण के लिए सख्त से सख्त कानून बनाएं, पूरे भारत में गौ हत्या खत्म हो, इसके लिए कानून बने, गौ माता के लिए नीति आयोग को गाय काटने पर गाय को कटवाने वाले, गौ मांस को खाने वाले पर मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास हो, गांव से लेकर शहरी क्षेत्रों तक गाय के लिए पर्याप्त भूमि आवंटिक हो, गया के दूध, गौमूत्र, गोबर के महत्व को पूरे भारत में प्रचारित करें, गाय के खाद्य पदार्थों पर सब्सिडी निश्चित हो।

# पत्नी पुलिस लेकर आई, पति ने लगा ली फांसी

- शराब पीने के आदी पति द्वारा
- प्रतिदिन मारपीट की जाती थी

**उज्जैन।** शराबी पति द्वारा रात में पत्नी बच्चों के साथ मारपीट की जा रही थी। पति की प्रताड़ना से तंग पत्नी पुलिस बुलाने चली गई। कुछ देर बाद वापस लौटी तो पति फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा। संजय नगर में रहने वाला राहुल पिता राजेश तिवारी 34 वर्ष हम्माली करता था और शराब पीने का आदी था। देर रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी कोमल से विवाद करने लगा। उसने बच्चों से भी मारपीट की। घर में विवाद होता देख राहुल के पिता ने बहू कोमल से कहा कि पुलिस को शिकायत कर दे। कोमल बच्चों के साथ शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंची जहां से डायल-112 के साथ घर लौटी। विवाद करने वाले पति ने दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक नहीं खुलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो राहुल साड़ी के फंदे से लटका दिखा। उसे तत्काल नीचे उतारा और अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

**युवक ने खाया जहर**-देवासगेट थाना क्षेत्र के सरदारपुरा में रहने वाले पारस पिता देवीराम 30 वर्ष ने सोमवार शाम जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती कर मामले की सूचना पुलिस को दी। पारस की हालत में सुधार होने पर पुलिस द्वारा बयान दर्ज किए जाएंगे। फिलहाल जहर खाने का कारण परिजन भी स्पष्ट नहीं कर पाए हैं।

### विवाहिता ने खाया जहर

ग्राम रलायता भोजा में भगवानसिंह की 22 वर्षीय पुत्री पूजा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि पूजा का सालभर पहले ही विवाह हुआ था। वह शादी के 7-8 माह बाद ही मायके में रहने आ गई थी। फिलहाल जहर खाने की वजह सामने नहीं आई है।

## आरुष का मुम्बई में नाबाद तिहरा शतक

**उज्जैन।** आईबीएस क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष शुभमंगल सेठी के अनुसार मुम्बई में खेली जा रही एमसीसी प्रो फोर्टी डेज लीग टूर्नामेन्ट में उज्जैन के आरूष अग्रवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 305 रनों का योगदान कर अपनी टीम को विजयी बनाया। इन्होंने 58 चैके व 1 छक्के की मदद से 305 रन बनाये व मेन ऑफ दी मेच का पुरस्कार प्राप्त किया। अकादमी के कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। अमन अली रणजी ट्राफी में नेट बॉलर के रूप में खेल रहे है। विराट माहेश्वरी मुम्बई, राजवीर गामी इन्दौर के क्लब क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# महामंडलेश्वर को दुष्कर्म मामले में फंसाने की साजिश



**उज्जैन।** चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर को बदनाम करने के साथ ब्लैकमेल करने की साजिश का सोमवार खुलासा हुआ। बनारस की महिला ने मामले की शिकायत महाकाल थाना पुलिस को दर्ज कराई है। महिला का कहना था कि उसे पहले रूपयों का लालच दिया गया। वहीं अब धमकी देकर बुलाया गया था।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बनारस के समरीन स्कूल के पास इंद्रानगर में रहने वाली रीता पति सुधीर मिश्रा ने रविवार को शिकायती आवेदन देकर बताया था कि उस पर चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद महाराज के खिलाफ शोषण का झूठा प्रकरण दर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा है। उसे जान से मारने की धमकी देकर बनारस से उज्जैन बुलाया गया है। वह दत्तअखाड़ा आश्रम में रूकी थी, जहां उसे कैमरे के सामने बयान देने के लिये कहा जा रहा था। उसने आश्रम के महंत आनंदपुरी जी, लोकेश शर्मा, संजय गोस्वामी को मामला बताया। दबाव बनाने में घनश्याम पटेल, मंदाकिनीपुरी शामिल है। थाना प्रभारी के अनुसार आवेदन जांच में लिया गया और मामले में मंदाकिनीपुरी निवासी गढ़कालिका मंदिर के पास उज्जैन और घनश्याम पटेल उज्जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 49, 61 (2), 232 (1), 351 (3), 296 (बी) और 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया गया है। बनारस की महिला पर झूठा प्रकरण दर्ज कराने का दबाव बनाने वालों की तलाश शुरू कर दी गई।

## एक नजर में



### नवीन कक्ष निर्माण का भूमि पूजन

**उज्जैन।** ऋषि नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय (संस्कृति भवन) परिसर में सोमवार को नवीन कक्षाओं के निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ इस नए निर्माण कार्य का मंगल शुभारंभ हुआ। इस पुनीत अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (मालवा प्रांत) अखिलेश मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (मालवा प्रांत) के सह प्रांत कार्यवाह रघुवीर सिंह सिसोदिया और प्रांत सहसचिव अनुराग जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रकाश गुप्त, उपाध्यक्ष कल्पना शर्मा, सहसचिव अभिलाष जैन और समिति सदस्य ओमप्रकाश गर्ग ने विशेष रूप से सहभागिता की। इनके अतिरिक्त संस्कृति भवन के प्राचार्य भगवान सिंह ठाकुर, संस्कार भवन के प्रधानाचार्य राधेश्याम शर्मा, मक्सी मार्ग शाखा की प्रधानाचार्य हर्षा शर्मा, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य एकता इंग्ले सहित विद्यालय के समस्त आचार्यगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में हो रहे निरंतर विकास कार्यों और संस्था की प्रगति की मुक्तकंठ से सराहना की। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय की निरंतर उन्नति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




### अस्मिता खेलो इंडिया लीग के तहत हुई स्पर्धाएं

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को नानाखेड़ा स्थित राजमाता विजयराजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर में महिलाओं और बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अस्मिता खेलो इंडिया लीग के अंतर्गत यह आयोजन मेरा युवा भारत उज्जैन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा खेल और युवा कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में मेरा युवा भारत विदिशा के जिला युवा अधिकारी अभिलाष म्हस्के ने रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ-साथ रस्साकशी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं शील्ड वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल निगम, नरेंद्र श्रीवास्तव, सुनीता यादव, शारदा सोनी, सुदर्शन शर्मा, लखन अंजना, संजय राज और बलवीर सिंह पवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खेल विभाग का विशेष सहयोग रहा।

### अभिषेक अध्यक्ष एवं राजेन्द्र सचिव बने



**उज्जैन।** श्री बड़नगर दसा नागर समाज उज्जैन की विकास समिति के मार्गदर्शन में नवीन पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। इस निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर अभिषेक नागर, उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर नागर एवं बसंत नागर, सचिव पद पर राजेन्द्र नागर तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजेश नागर को मनोनीत किया गया। संचालन विट्ठल नागर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन महेश नागर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बृजेश नागर, मुकेश नागर, द्वारका नागर एवं सुरेंद्र नागर सहित समाज के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नागर युवा मंडल एवं वल्लभ वैष्णव मंडल द्वारा भी हर्ष व्यक्त करते हुए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई।

# बाइक ओवरटेक करने के विवाद में मारे चाकू

**उज्जैन।** बाइक से घर लौट रहे युवक का रास्ते में ओव्हर टेक करने पर चार युवकों से कहासुनी हो गई। चारों ने युवक का पीछा किया और उसके भाई के ढाबे तक पहुंच गए। जहां चारों ने युवक को चाकू मार दिए और बीच बचाव करने आए भाई के साथ भी मारपीट की।

ताजपुर के ग्राम जम्बुरा में रहने वाला बालेश्वर पिता तेजाराम परमार 24 वर्ष उज्जैन में बिस्लरी की गाड़ी चलाता है। रात में वह काम खत्म होने पर गाड़ी खड़ी करने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जम्बुरा और ताजपुर के बीच उसे तेज गति से आए बाइक सवार चार युवकों ने ओव्हर टेक किया। जिन्हें गाड़ी देखकर चलाने के लिए कहा। इस दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई। बालेश्वर बाइक लेकर रवाना हो गया और रास्ते में अपने भाई के ढाबे देवनखेड़ी पहुंचा। बाइक सवार चारों युवक भी उसके पीछे पहुंच गए और चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव में बालेश्वर का भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट कर भाग निकले। भाई ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घायल बालेश्वर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाकू मारने वाले युवक अज्ञात हैं। पुलिस उनका पता लगाने के लिए मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख रही है।

# वेतन न मिलने से आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मचारी 13 को रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

- 350 कर्मचारियों का फरवरी का वेतन और एचआरए अटका



**उज्जैन।** न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने वेतन भुगतान सहित अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि तत्काल निराकरण नहीं हुआ, तो 13 मार्च (शुक्रवार) को सभी बहुउद्देशीय कर्मचारी एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर कार्य का बहिष्कार करेंगे। संघ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार और ओमप्रकाश यादव ने बताया कि जिले के 350 से अधिक कर्मचारियों को फरवरी 2026 का वेतन अब तक नहीं मिला है। पिछले कई महीनों से कर्मचारियों को एचआरए का भुगतान भी नहीं किया गया है। इसके अलावा, शासन के आदेश के बावजूद हड़ताल अवधि के वेतन और समयमान वेतनमान के एरियर का भुगतान भी लंबे समय से अटका हुआ है, जिससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि शासन के निर्देशानुसार 55 वर्ष से अधिक उम्र की एएनएम से ऑनलाइन एंट्री नहीं करवाई जानी चाहिए, लेकिन स्थानीय स्तर पर उन पर इसका दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह, पुरुष बहुउद्देशीय कार्यकर्ताओं से वैक्सीनेशन का कार्य नहीं कराने के निर्देश हैं, फिर भी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स उन पर दबाव बना रहे हैं। संघ ने कड़ा विरोध जताते हुए शहर में पदस्थ एएनएम का हर महीने बिना किसी उचित कारण के वेतन काट लिया जाता है।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान इनकी रही उपस्थिति

सीएमएचओ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने के दौरान मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री मनोहर गिरी, जिला सचिव रामसिंह बनिहार, सह सचिव नवीन पांडे, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सचिव परमानंद कटारिया, संजय पुरैया, जिला संयोजक अजय परमार, संगठन मंत्री शकुंतला कौशल, महामंत्री राजेन्द्र अहिरवार, महेश धनेलिया, नंदिनी जोशी, नीलम डोंगरे, संभागीय अध्यक्ष रफीक मंसूरी और राकेश पाठक सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## पवन विश्वकर्मा निर्विरोध समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने

**उज्जैन।** विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज कल्याण समिति, मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक उज्जैन में संपन्न हुई। इसमें युवा समाजसेवी पवन विश्वकर्मा को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। समाज के श्याम विश्वकर्मा ने बताया कि इस बैठक में पिछले कार्यकाल के कार्यों का लेखा-जोखा और आय-व्यय की जानकारी दी। इसके बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की गई, जिसमें सभी जिलों के पदाधिकारियों ने एक स्वर में हाथ उठाकर पवन विश्वकर्मा के नाम पर अपनी सहमति जताई। निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद पवन विश्वकर्मा ने शपथ ग्रहण की।

# राजपूत समाज का नि :शुल्क परिचय सम्मेलन 5 अप्रैल को



**उज्जैन।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और राजपूत सोशल ग्रुप के तत्वावधान में 5 अप्रैल (रविवार) को देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में राजपूत समाज का 5वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के लिए बड़नगर रोड स्थित क्षिप्रेश्वर धाम आश्रम में संत महेश गुरुजी द्वारा सम्मेलन के फोल्डर का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक किशोर सिंह भदौरिया और नरेश सिंह भदौरिया ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह निशुल्क रहेगा। इसमें प्रविष्टि (एंट्री), नाश्ता, भोजन और कुंडली मिलान के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सम्मेलन के लिए देश-विदेश से लगातार प्रविष्टियां मिल रही हैं, जिनका प्रकाशन वैवाहिक पत्रिका में किया जाएगा। साथ ही, प्रत्याशियों को संगठन के व्हाट्सएप ग्रुप से भी जोड़ा जाएगा। संगठन द्वारा साल भर व्यक्तिगत और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से रिश्ते तय कराए जाते हैं। अब तक संगठन के प्रयासों से 2000 से ज्यादा रिश्ते सफलतापूर्वक तय करवाए जा चुके हैं।

### फोल्डर का भी किया विमोचन

फोल्डर विमोचन के अवसर पर डॉ. राम अवतार सिंह कुशवाह, सुरेंद्र सिंह तोमर, जगदीश सिंह तोमर, प्रमोद सिंह भदौरिया, महासभा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, छोटे सिंह भदौरिया, रामनरेश सिंह भदौरिया, पदम सिंह तोमर सहित समाज के कई वरिष्ठजन व आयोजन मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

## बुजुर्गों का किया सम्मान

**उज्जैन।** श्री ओसवाल (बड़ेसाथ) समाज पंचायत, शहर उज्जैन द्वारा रंगपंचमी के उपलक्ष्य में श्री महावीर जैन धर्मशाला, रंगमहल में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। सचिव प्रवीण कुमार ओरा ने बताया कि इस समारोह में समाज के उन पुरुषों और महिलाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने 8 मार्च तक अपनी आयु के 71 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इसके साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिसमें सभी ने सपरिवार उपस्थित होकर सहभागिता की।



## बाबा गुमानदेव हनुमान संग भक्तों ने खेली होली

**उज्जैन।** शहर के पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान मंदिर में शनिवार 7 मार्च की रात भव्य रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने चांदी की पिचकारी और टेसू के पुष्पों से बने प्राकृतिक रंगों के साथ बाबा गुमानदेव के साथ जमकर होली खेली। मंदिर के गादीपति चंदन श्याम नारायण व्यास ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी रंगोत्सव पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। शुरुआत शास्त्रोक्त रीति और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। बाबा गुमानदेव हनुमान का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें अबीर और गुलाल अर्पित किया गया। इसके बाद चांदी की पिचकारी से टेसू के प्राकृतिक रंगों की बौछार कर होली खेली गई। रंगोत्सव के दौरान भक्तों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में नन्हे वैदिक बटुकों द्वारा अपने खास अंदाज में किया गया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में शाही ठंडाई का वितरण किया गया।

**नगर निगम सख्त** ▶ शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों, दुकानदारों को हिदायत दी

# शहर की छवि एवं धूमिल करने वाले फ्लेक्स और अतिक्रमण हटाया

**उज्जैन।** नगर निगम की गैंग अभी शहर में अतिक्रमण को हटाने में काफी सक्रिय दिखाई दे रही है। खास कर शहर के प्रमुख चौराहों पर और खंभों पर लगे फ्लेक्स आदि को हटाया जा रहा है। मंगलवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर बिना अनुमति लगे हुए अवैध फ्लेक्स, होर्डिंग्स एवं अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त फ्लेक्स से शहर की छवि एवं सुंदरता भी धूमिल हो रही थी। जिसके क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए अवैध फ्लेक्स, होर्डिंग एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों, दुकानदारों को हिदायत दी गई कि प्रचार प्रसार के लिए शहर की सुंदरता को धूमिल ना करें। निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा लौटी स्कूल से नीलगंगा चौराहा, देवास रोड से ऋषि नगर पेट्रोल पंप होते हुए वेद नगर, दो तालाब तक खंभों पर लगे हुए फ्लेक्स होर्डिंग हटाए गए। साथ ही देवास गेट बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन होते हुए इंदौर गेट तक मुख्य मार्ग पर लगे अवैध हाथ ठेले को हटाने की कार्रवाई की गई।



### रतन एवेन्यू में नाली पर किया अतिक्रमण हटाया

उज्जैन। झोन क्रमांक 5 वार्ड 17 अंतर्गत आने वाली रतन एवेन्यू कॉलोनी में क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नालियों के ऊपर तक स्लैब डालते हुए रैंप बना लिए थे। जिसके कारण ना तो नालियों की सफाई हो पाती थी एवं क्षेत्र में जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही थी। जिसके क्रम में मंगलवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा जेसीबी मशीन से नालियों के ऊपर तक किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाइ की गई।